## 13 साल का इंतजार खत्म, नए राशन कार्ड बनने शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घोषणा की कि लगभग 13 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद दिल्ली में बड़े पैमानो पर नए राशन कार्ड जारी करने की प्रक्रिया 15 मई से दोबारा शुरू कर दी गई है। दिल्ली सचिवालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री ने पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों से आवेदन करने की अपील करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'अंत्योदय' संकल्प को आधार बनाकर यह सुनिश्चित कर रही है कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे।

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि 15 मई 2026 से ई डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से नए राशन कार्ड और परिवार के सदस्यों के नाम जोड़ने के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू किए जा चुके है। इसके अतिरिक्त पहले से जमा किए गए पुराने आवेदन पत्रों को आवेदकों के लॉगिन प्रोफाइल पर वापस भेजा गया है।

आवेदक वर्तमान 'फैमिली इनकम सर्टिफिकेट' और अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ इन्हें दोबारा अपडेट कर जमा कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने कार्यभार संभालने के बाद राशन वितरण व्यवस्था का व्यापक ऑडिट कराया, जिसमें बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां सामने आईं। जांच में कुल 7,71,384 अपात्र और फर्जी लाभार्थी पाए गए। इनमें 6,46,123 लोग निर्धारित आय सीमा से अधिक आय वाले थे इसलिए राशन पाने के पात्र नहीं थे। इसके अलावा 95,682 ऐसे लाभार्थी मिले जिन्होंने पिछले एक वर्ष से राशन लिया ही नहीं था। वहीं, 6,185 मामलों में मृत व्यक्तियों के नाम राशन रिकॉर्ड में दर्ज थे और 23,394 लाभार्थी ऐसे पाए गए जो एक से अधिक स्थानों से राशन का लाभ ले रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सभी अपात्र लाभार्थियों के नाम सूची से हटाने के बाद बड़ी संख्या में स्थान खाली हुए हैं। इससे करीब 7.72 लाख नए पात्र लोगों को राशन कार्ड जारी करने का रास्ता साफ हुआ है। फिलहाल नए राशन कार्ड के लिए 3,72,367 आवेदन और राशन कार्ड में नाम जोड़ने के लिए 99,501 आवेदन लंबित हैं। चूंकि समय के साथ लोगों के निवास, आय और पात्रता की स्थिति बदल सकती है, इसलिए सभी आवेदकों को मौजूदा नियमों और नई पात्रता शर्तों के अनुसार फिर से आवेदन करने का अवसर दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली सरकार ने दिल्ली खाद्य सुरक्षा नियम 2026 लागू कर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) 2013 के प्रावधानों को प्रभावी रूप से लागू किया है। इसके तहत राशन वितरण व्यवस्था में बड़े स्तर पर डिजिटल सुधार किए गए हैं। राशन दुकानों पर पारंपरिक वजन मशीनों की जगह ई-वेइंग मशीनें लगाई जा रही हैं और बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण अनिवार्य किया गया है। अब बिना बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन के राशन वितरण नहीं होगा, जिससे कम राशन मिलने और गड़बड़ियों की शिकायतों पर रोक लगेगी।उन्होंने बताया कि नए राशन कार्ड के लिए आवेदन, नाम जोड़ने या हटाने समेत राशन कार्ड से जुड़ी सभी सेवाएं अब पूरी तरह ऑनलाइन कर दी गई हैं।

## पिछली सरकारों ने राशन व्यवस्था को बनाया राजनीतिः सिरसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने पिछले सवा साल में जनकल्याण को केंद्र में रखकर कई ऐतिहासिक एवं जनहितकारी फैसले लिए हैं। दिल्ली में पिछले 13 वर्षों से गरीबों के अधिकारों पर ताला लगा हुआ था। पिछली सरकारों ने राशन व्यवस्था को राजनीति और भ्रष्टाचार का माध्यम बना दिया था। नए राशन कार्ड जारी करने की प्रक्रिया लगभग ठप कर दी गई थी, जिसके कारण लाखों गरीब परिवार अपने अधिकारों से वंचित रह गए। सरकार ने इस अन्यायपूर्ण व्यवस्था को समाप्त करने का संकल्प लेकर पारदर्शी एवं जनहितकारी व्यवस्था लागू करने का कार्य किया है।

## बाजारों में चोरी करने को करते थे खुजली वाले पाउडर का इस्तेमाल, छह गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पश्चिमी जिला पुलिस के मोती नगर की टीम ने अंतर-राज्यीय चोरी गैंग का भंडाफोड़ कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने उनके पास से चोरी की गई 78,800/- रुपये की नकदी और तीन चोरी के मोबाइल बरामद किया हैआरोपी विभिन्न राज्यों में चोरी और सेंधमारी के कई मामलों में शामिल पाए गए है।

आरोपी भीड़भाड़ वाले बाजारों में चोरी करने के लिए खुजली वाले पाउडर और ध्यान भटकाने की तरकीबों का इस्तेमाल करते थे। दिल्ली के पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त दराडे शरद भास्कर ने बताया कि 16 मई को, मोती नगर थाने में मोती नगर, के पास लगभग 98,000/- रुपये की नकदी की चोरी के संबंध में एक मामला दर्ज किया गया था।इसके बाद एसीपी पंजाबी बाग जयप्रकाश की देखरेख में एसएचओ मोती नगर सुनील कुमार के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की।

जांच के दौरान टीम ने अपराध स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया और तकनीकी इनपुट के आधार पर आरोपी अनीश ग्वाला (22),, निहाल ग्वाला, (28) , जॉनी जाधव ग्वाला, (57), रमेश (47), जुगनू,(48) और आनंद ग्वाला, (40) पहाड़गंज इलाके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से 78,800/- रुपये की चोरी की नकदी के साथ-साथ तीन चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए है। पुलिस पूछताछ के दौरान यह पता चला कि आरोपी एक अंतर-राज्यीय चोरी गैंगके सदस्य हैं और आदतन अपराधी हैं, जो अलग-अलग राज्यों में चोरी और सेंधमारी के कई मामलों में शामिल रहे हैं।

पुलिस ने बताया कि आरोपी आमतौर पर भीड़-भाड़ वाली जगहों, जैसे बाजारों और कमर्शियल इलाकों में, नकदी या कीमती सामान ले जाने वाले लोगों को निशाना बनाते हैं। वे आपस में तालमेल बिठाकर काम करते हैं और जान-बूझकर निशाना बनाए गए व्यक्ति के रास्ते में रुकावट पैदा करते हैं। एक आरोपी पीड़ित पर खुजली वाला पाउडर छिड़ककर उसका ध्यान भटकाता है और उसे परेशान करता है, जबकि उसके दूसरे साथी इस अफरा-तफरी का फायदा उठाकर पीड़ित की नकदी या कीमती सामान चुरा लेते हैं।

## घर का दरवाजा खुला देखा तो पड़ोसी ने की चोरी , आरोपी धरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस के पालम गाँव थाने के स्टाफ ने घर में हुई चोरी का मामला सुलझाकर आरा. ेपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से चोरी की गई 30,700 रूपये की नकदी, एक चाँदी की चेन और शिकायतकर्ता के दस्तावेजों वाला एक छोटा पर्स बरामद किया है। आरोपी ने दरवा. जा खुला देखकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि 16 मई को पालम गाँव थाने में पालम में स्थित एक घर में चोरी के संबंध में एक पीसीआर कॉल मिली। शिकायतकर्ता ने अपने घर से नकध्दी और एक चाँदी की चेन चोरी होने की रिपोर्ट की और अपने पड़ोसी फहीम पर शक जाहिर किया, जिसे घटना के समय घर से बाहर निकलते देखा था। इसके बाद पालम गाँव थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी दिल्ली कैंट अनिल कुमार की देखरेख में एसएचओ पालम गांव अनंत धनराज सिंह, आईपीएस के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने स्थानीय जाँच के बाद खघुफिया जानकारी जुटाकर आरा. ेपी फहीम से पूछताछ की गई।

पूछताछ के दौरान, आरोपी ने बताया कि शराब और नशीले पदार्थों की लत के कारण, उसने शिकायतकर्ता का दरवाजा खुला देखकर चोरी की घटना को अंजाम दिया।




**दिल्ली सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'अंत्योदय' संकल्प को आधार मानकर सचिवालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री पात्र व जरूरतमंद परिवारों से राशन कार्ड आवेदन करने की अपील करते हुए।**

## एक नजर

### आर्य समाज संचालित गरीब विद्यालयों को मिले 12 सोलर पैनल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आर्य समाज द्वारा संचालित अत्यंत गरीब एवं जरूरतमंद विद्यालयों को रोटरी की पहल के अंतर्गत 12 सोलर पैनल प्रदान किए गए हैं। इस पहल का उद्देश्य विद्यालयों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना तथा शिक्षा के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध कराना है। इन सोलर पैनलों के स्थापित होने से विद्यालयों के मासिक बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आई है। इससे होने वाली वित्तीय बचत अब छात्रों के कल्याण, बेहतर शैक्षणिक सुविधाओं और शिक्षा के स्तर को सुदृढ़ करने में उपयोग की जाएगी। रोटरी निरंतर सामा. जिक सुधार और शिक्षा के अपने मिशन को आगे बढ़ा रहा है। संस्था आधुनिक समय की चुनौतियों के अनुरूप स्वयं को ढालते हुए भी अपने मूल मूल्यों और सेवा भावना के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### भारत के संप्रभु डिजिटल ढांचे की जरूरत पर जोर दिया

**नई दिल्ली।** भारत डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर एसोसिएशन (बीडीआईए) ने आज बीडीआईए भारत डिजिटल संवाद: द फाउंडेशन फोरम में नीति-निर्माताओं, उद्योग जगत के नेताओं, तकनीक विशेषज्ञों और इकोसिस्टम से जुड़े हितधारकों को एक मंच पर लाया। कार्यक्रम में अपनी बात रखते हुए, बीडीआईए के अध्यक्ष और ईएसडीएस सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन लिमिटेड के प्रमोटर, चेयरमैन और प्रबंध निदेशक, पीयूष सोमानी ने कहा, ष्भारत अपनी डिजिटल यात्रा के एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है।

इस मंच में डॉ. अश्विनी महाजन, राष्ट्रीय सह-संयोजक, स्वदेशी जागरण मंच; एन.एन. सिन्हा, सेवानिवृत्त आईएएस, पूर्व सचिव, इस्पात एवं ग्रामीण विकास, सीईओ, आरओडीआईसी एआई; अतीश कुमार सिंह, अतिरिक्त सचिव, डीपीआईआईटी; आर. चंद्रशेखर, पूर्व सचिव, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा पूर्व अध्यक्ष, नैसकॉम और भारत के क्लाउड, सेमीकंडक्टर, साइबर सुरक्षा, एआई, डीपीआई और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर इकोसिस्टम से जुड़े अन्य प्रमुख लोग शामिल हुए।

### एमएचसीपी एज प्लान पेश किया

**नई दिल्ली।** प्राइवेट जनरल इंश्योरेंस कंपनी बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड (पूर्व में बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के नाम से प्रचलित) ने 'माय हेल्थ केयर प्लान एज+' (एमएचसीपी एज+) की पेशकश की है। यह एक 'कॉम्प्रिहेंसिव हेल्थ इंडेमिनिटी' प्लान है।

एमएचसीपी एज+ को मौजूदा एमएचसीपी की मजबूत बुनियाद पर तैयार किया गया है। वैकल्पिक राइडर्स की मदद से ग्राहक अपनी सेहत, उम्र और बजट की बदलती जरूरतों के मुताबिक इसे ढाल सकते हैं। बजाज जनरल इंश्योरेंस के एमडी एवं सीईओ डॉ. तपन सिंघल ने कहा, "हेल्थ इंश्योरेंस को अब तक सिर्फ एक प्रोडक्ट के तौर पर देखा जाता था, लेकिन अब यह आपकी सेहत की देखभाल करने वाला एक संपूर्ण समाधान बन गया है।

### सॉवरेन एआई क्षमता को मिलेगी नई उड़ान

**नई दिल्ली।** भारत के सॉवरेन एआई कंप्यूट अभियान को निजी क्षेत्र की ओर से अब तक की सबसे महत्वपूर्ण प्रतिबद्धताओं में से एक प्रदान करते हुए, हैदराबाद स्थित अर्सा ग्रुप की एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर इकाई (अर्साकंप्यूट) ने ग्रेटर नोएडा में 2,888 छटप्क्प। ठसंबूमसस ळच्न् से सुसज्जित अत्याधुनिक एआई क्लस्टर का निर्माण कार्य तीव्र गति से आगे बढ़ाया है।

अभिषेक दास, सीईओ,एक्लरेटकंप्यूट इंडिया एवं पूर्व जीएम (कंप्यूट), इंडिया। मिशन ग्रेटर नोएडा में फेज-1 का संचालन अर्साकंप्यूट के लिए पहली बड़ी परिचालन उपलब्धि होगी। आने वाले महीनों में कंपनी की क्षेत्रीय विस्तार योजनाएँ क्रमबद्ध रूप से क्रियान्वित होंगी, जिससे देश में एक सुदृढ़, आत्मनिर्भर एवं भविष्य-तैयार सॉवरेन एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर का स्वरूप उभरकर सामने आएगा।

## जय भगवान यादव ने बख्तावरपुर क्षेत्र का निरीक्षण किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम में नेता सदन एवं स्थायी समिति सदस्य जय भगवान यादव ने आज दिल्ली नगर निगम के नरेला क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 5 बख्तावरपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ नरेला क्षेत्र की उपाध्यक्ष एवं स्थानीय पार्षद श्रीमती जनता देवी, अतिरिक्त आयुक्त श्री संजीव कुमार मित्तल, उपायुक्त श्री रघुवेंद्र मीणा सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। नेता सदन एवं स्थायी समिति सदस्य जय भगवान यादव ने बख्तावरपुर स्थित सुभाष चौक से अपना निरीक्षण आरम्भ किया।

## एक्सेसिबिलिटी रिपोर्ट जारी की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ग्लोबल एक्सेसिबिलिटी अवेयरनेस डे (GAAD) 2026 के अवसर पर, इन्क्लूसिव दिव्यांगजन एंटरप्रेन्योर एसोसिएशन (IDEA) ने अपने प्रमुख अभियान सुगम्य दिल्ली अभियान के तहत, मुख्य आयुक्त दिव्यांगजन कार्यालय (CCPD) और दिल्ली सरकार के सहयोग से एक महत्वपूर्ण एक्सेसिबिलिटी रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट में पिछले वर्ष अभियान की शुरुआत के बाद से हुई प्रगति को प्रस्तुत किया गया

यह पहल वर्ष 2025 में शुरू किए गए सुगम्य दिल्ली अभियान की निरंतरता है, जिसके अंतर्गत 500 से अधिक स्वयंसेवकों, एक्सेसिबिलिटी विशेषज्ञों और



हितधारकों की भागीदारी से 70 से अधिक सार्वजनिक स्थलों का सर्वेक्षण किया गया था। इस अवसर पर इन्क्लूसिव दिव्यांगजन एंटरप्रेन्योर एसोसिएशन के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन इथा ने कहा "एक्सेसिबिलिटी अब केवल कल्याण का विषय नहीं है, बल्कि यह सुशासन, अर्थव्यवस्था, गरिमा और समान नागरिकता का प्रश्न है। भारत के शहरों को समावेशी व्यवस्था के लिए अपने सिस्टम को पुनः डिजाइन करना होगा। सुगम्य दिल्ली अभियान एक नागरिक-सरकार आंदोलन के रूप में दिल्ली को वैश्विक एक्सेसिबिलिटी मानक बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है।

## चार्जर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का उद्घाटन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग ब्रांड, लावा इंटरनेशनल ने आज अपने नोएडा प्लांट में नई कंपोनेंट और चार्जर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का उद्घाटन किया, जो स्थानीयकरण और गुणवत्ता की निगरानी की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

इस सुविधा का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, सुनील कुमार शर्मा द्वारा किया गया। इस दौरान लावा इंटरनेशनल लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर सुनील रैना और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं चीफ मैन्युफैक्चरिंग ऑफिसर संजीव अग्रवाल उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह में बोलते हुए, उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रीसुनील कुमार शर्मा ने कहा, ष्उत्तर प्रदेश सरकार, माननीय योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में, नोएडा को भारत का मोबाइल विनिर्माण हब बनाने का सपना देख रही है। लावा इंटरनेशनल लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर सुनील रैना ने कहा मैं इस प्रयास में अटूट समर्थन देने और उत्तर प्रदेश राज्य को भारत की तकनीकी क्रांति में सबसे आगे रहने में सक्षम बनाने के लिए सुनील कुमार शर्मा का अत्यंत आभारी हूं।




**निगम में नेता सदन एवं स्थायी समिति सदस्य जय भगवान यादव बख्तावरपुर का निरीक्षण करते हुए।**

## तुलसी रेड्डी पालपुनूरी ने फतह किया माउंट एवरेस्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जहां कई लोगों के लिए माउंट एवरेस्ट पर चढ़ना सिर्फ एक सपना होता है, वहीं भारतीय पर्वतारोही तुलसी रेड्डी पालपुनूरी के लिए यह हिम्मत, अनुशासन, बदलाव और लगातार मेहनत की एक प्रेरणादायक यात्रा बन गई।

तेलंगाना के हैदराबाद स्थित कुतबुल्लापुर मंडल के बोवरामपेट गांव के रहने वाले तुलसी रेड्डी पालपुनूरी ने वर्षों की तैयारी, कठिन ट्रेनिंग और लगातार मेहनत के बाद सफलतापूर्वक माउंट एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचकर यह



उपलब्धि हासिल की है। तुलसी की कहानी इसलिए खास है क्योंकि इसकी शुरुआत बहुत साधारण तरीके से हुई। एक समय खाने-पीने के शौकीन रहे तुलसी ने फिट रहने के लिए जिम जाना शुरू किया।

धीरे-धीरे फिटनेस और हेल्दी लाइफस्टाइल उनके लिए जुनून बन गई और उन्होंने एंड्योरेंस स्पोर्ट्स और पर्वतारोहण की दुनिया में कदम रखा। समय के साथ उन्होंने कई लोकल रन, कठिन आयरनमैन चौलेंज और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में कई हाई-एल्टीट्यूड अभियानों को पूरा किया। तुलसी ने कहा, "एवरेस्ट तक पहुंचना कई सालों के अनुशासन, त्याग और लगातार तैयारी का नतीजा है।

## शादी के 7 महीने बाद महिला की मौत, पुलिस ने जब्त किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वेस्ट विनोद नगर में एक महिला की कथित आत्महत्या की सूचना मिली है। यह सूचना सुबह करीब 09:50 बजे पीसीआर कॉल के माध्यम से मंडावली पुलिस स्टेशन को प्राप्त हुई। पुलिस ने तत्काल मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्रवाई शुरू की।

सूचना मिलते ही एसएचओ मंडावली, जांच अधिकारी, पुलिसकर्मी और क्राइम व फोरेंसिक टीमें तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। उन्होंने वहां पहुंचकर आवश्यक प्रारंभिक कार्रवाई शुरू की। घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान क्राइम टीम ने मृतका के शव की बारीकी से जांच की। टीम ने महिला की गर्दन पर स्पष्ट लिगेचर के निशान देखे। संदिग्ध



लिगेचर सामग्री, जिसे एक दुपट्टा बताया जा रहा है, मौके से जब्त कर ली गई है। इसे परीक्षण के लिए एफएसएल भेजा जाएगा। मृतका की पहचान गीता ठाकुर के रूप में हुई है। वह राकेश कुमार की पत्नी थीं और उनकी आयु 38 वर्ष थी। प्रारंभिक पूछताछ के अनुसार, मृतका गीता ठाकुर का विवाह 1 अक्टूबर 2025 को हुआ था। पुलिस इस मामले में सभी संभावित कोणों से गहनता से जांच कर रही है। परिवार के सदस्यों और अन्य संबंधित व्यक्तियों के विस्तृत बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि आगे की सभी कानूनी कार्रवाई कानून के प्रावधानों के अनुसार की जा रही है। मृतका के शव को पोस्टमार्टम जांच के लिए मोर्चरी में स्थानांतरित कर दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से महिला की मौत के सही कारणों का खुलासा होने की उम्मीद है।

## असंतुलित जीवन शैली से सम्बंधित बीमारियों में इजाफा

**नई दिल्ली।** बदलती जीवन शैली और दफ्तरों में लंबे समय तक बैठकर काम करने की प्रवृत्ति अब युवाओं की सेहत पर भारी पड़ रही है। डॉक्टरों के अनुसार, कम उम्र में ही कमर दर्द, मोटापा और मानसिक तनाव जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं, जो आगे चलकर गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती हैं। गुरु तेग बहादुर अस्पताल के डॉ. संदीप ने बताया कि लगातार कई घंटों तक एक ही स्थिति में बैठकर काम करने से रीढ़ की हड्डी पर दबाव बढ़ता है, जिससे कमर दर्द और गर्दन में जकड़न की शिकायत आम हो गई है। उन्होंने कहा कि शारीरिक गतिविधि में कमी के कारण युवाओं में मोटापे के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं, जो मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग जैसी समस्याओं को जन्म दे सकते हैं।

## गोशालाओं में पशु चारा उपलब्ध कराने का संकल्प लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरित अग्रवाल ने अपना जन्मदिन कालकाजी मंदिर में विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कालका. जी मंदिर के महंत सुरेंद्रनाथ अवधूत के साथ मनाया। इस दौरान कालकाजी मंदिर के महंत सुरेंद्रनाथ अवधूत ने बताया कि आज हमारे विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का जन्मदिन है और ये हमेशा हिंदुओं के समर्थन में खड़े रहते है जहां भी हिंदुओं की आवाज को दबाया जाता है वहां अडिग खड़े होकर उनकी आवाज को बुलंद करते हैं. तन-मन और धन से हिंदुओं की सेवा करने में सदैव तत्पर रहते हैं। वहीं विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरित अग्रवाल अपने जन्मदिन पर यह संकल्प लिया है कि दिल्ली की गोशालाओं में गौ सेवा हेतु पशु चारा उपलब्ध कराएंगे क्यों।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई देश को मज़बूत बनाना है तो भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# बच्चों की सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नही: डीएम

## सड़क सुरक्षा को लेकर जिलाधिकारी सख्त, अवैध व ओवरलोड वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनपद में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के संबंध में संबंधित अधिका. रियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय भी उपस्थित रहे।




बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद में संचालित सभी डग्गामार वाहनों के विरुद्ध प्रभावी एवं नियमित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जो स्कूल संचालक यातायात नियमों की अनदेखी कर रहे हैं तथा क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर ओवरलोड वाहनों का संचालन कर रहे हैं, उनके विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई की जाए। बच्चों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने ट्रैफिक एवं रोडवेज अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क किनारे एवं सार्वजनिक स्थानों पर अनियमित रूप से बसों को खड़ा न होने दिया जाए, क्योंकि इससे यातायात बाधित होता है तथा जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। उन्होंने संबंधित विभागों को समन्वित कार्ययोजना बनाकर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनपद में संचालित वाहन स्टैंडों का चिन्हांकन कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले एवं बार-बार अनियमितता करने वाले वाहनों को ब्लैकलिस्ट किए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि सड़क किनारे स्थित विद्यालयों के आसपास विद्यार्थियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए स्कूलों की छुट्टी के समय संबंधित थाना क्षेत्र की पुलिस की डयूटी लगाई जाए, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे एवं किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे।

## तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप ट्रक में जा घुसी, चालक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** क्षेत्र में ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर बुधवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप गाड़ी ने आगे चल रहे खाली ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बोलेरो पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पुलिस ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गाजियाबाद की ओर से एक खाली ट्रक कुंडली की तरफ जा रहा था। ट्रक चालक की पहचान जैनुद्दीन पुत्र समीम निवासी सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है, बताया गया कि देर रात ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर



मवीकलां टोल के समीप पीछे से तेज गति में आ रही बोलेरो पिकअप ने ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक राजू गंभीर रूप से घायल होकर वाहन में फंस गया।

## घायल नील गाय का बच्चा कुएं में गिरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के कोताना गांव में खेतों की तरफ से घायल होकर एक नील गाय का बच्चा खेतों में लगे ब्लेड के तारों में कट कर गांव में खेतों के पास बने एक कुएं में गिर गया। पूरी रात नील गाय का बच्चा कुएं में गिरकर तड़पता रहा। इसका पता जब ग्राम वासियों को लगा तो समाजसेवी शिवा कोताना के नेतृत्व में राहुल जाटव नीतू कुमार सुशील जाटव अपनी टीम के साथ रस्सी लेकर वहां पर पहुंचे।

उन्होंने नीलगाय के बच्चे को हुए से बड़ी मशक्कत के साथ हुए से बाहर निकाल उन्होंने डॉक्टरों की टीम को बुलाकर उसका इलाज करवाया। डॉक्टरों की टीम ने नीलगाय के बच्चे को पहले इंजेक्शन देकर उसकी दवाई पट्टी बांध कर उसका उपचार किया।



इसके बाद उन्होंने वन विभाग की टीम को सूचना देकर नील गाय के बच्चे को वन विभाग के हवाले कर दिया। जानकारी मिलते ही सुनील जाटव चमन सैनी विकास सैनी मिंटू कुमार गौरव कुमार राहुल कुमार नरेंद्र कुमार आदि लोग भी मौके पर पहुंच गए। नीलगाय के बच्चे की बड़े मुश्किल से इन लोगों ने जान बचाई। इस मौके पर वरिष्ठ समा. जसेवी शिवा कोताना का कहना है कि कोताना गांव के लोगों ने आवारा पशुओं गौवंशीय पशुओं के लिए गांव में एक टीम बनाई हुई है जो ऐसे पशुओ की रेख देख करके उनका उपचार करते हुए हर समय इन सामाजिक मामलों में चढ़ बढ़कर कार्य करती है।

## भयंकर गर्मी से सड़को पर सन्नाटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** भयंकर गर्मी और लूं के थपोड़े ने सभी को रुला कर रख दिया है। आने वाले दिनों में ग्रामीण इलाका हो या शहरी इलाका ऊपर से आसमान गरजेगा नीचे जमीन गरजेगी हालात और भी भयानक होने की आशंका जताई जा रही है। गर्म हवाएं चलने से यहां लोगों का बहुत बुरा हाल है। आसमान से अग्नि बरस रही है और नीचे सड़क तप रही है। आज का तापमान 44 डिग्री के आसपास पहुंच गया है 32 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से गर्म हवा चलनेचलने से दिन भर लोगों का सड़क पर आवागमन बंद रहा। सड़कों पर इक्का-दुक्का व्यक्ति ही नजर आया। 10 बजे से लेकर 5 बजे तक गर्मी के कारण मौसम की मार झेलते रहे लोग गर्मी के कारण घर में ही कैद रहना पड़ा।

## बच्ची के साथ युवक नें की छेड़छाड़ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** क्षेत्र के एक गांव में एक युवक दुकान पर सामान लेने गई सात साल की बच्ची को अपने साथ बहका फुसलाकर अपने घर ले गया, जहां उससे छेड़छाड़ की बच्ची नें घटना अपने घर बतायी जिसके बाद परिजनों की तहरीर पर मुकदमा कायम किया गया है।
चांदीनगर के एक गांव की महिला में थानें मे तहरीर देते हुए बताया गुरूवार सुबह उसका पति काम से घर से बाहर गया था। घर पर वह और उसकी सात साल की बच्ची घर पर थी बच्ची घर से पैसे लेकर पडौस में ही एक दुकान पर नमकीन लेने गयी थी,जहा से उससे गांव की ही एक युवक बहका फुसलाकर अपनें घर ले गया और बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने लगा तभी बच्ची के परिवार से ही युवक के घर कोई पहुंच गया और उसने बच्ची को अकेला उसके साथ देखा तो बच्ची की मां को जाकर बताया जिससे बच्ची की मां उसे अपने साथ घर ले आयी और उससे पूछताछ की तो उसका बताया कि युवक उसके कपड़े उतारकर उसके साथ छेड़छाड़ कर रहा था। बच्ची की मां ने थानें पहुंच आरोपी युवक के खिलाफ थानें में तहरीर दी है। थाना प्रभारी अतर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम किया गया है और आरोपी युवक को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है।

## हाईवे पर चलती कार बनी आग गोला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा क्षेत्र में दिल्ली-देहरादून हाईवे स्थित एलिवेटेड रोड पर एक चलती कार में आग लग गई। यह हादसा तब हुआ जब दिल्ली की ओर से आ रही एक वरना कार के इंजन से अचानक धुआं निकलने लगा। कार में सवार लोग तुरंत गाड़ी रोककर बाहर निकल आए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।

धुआं निकलने के कुछ ही सेकंड बाद कार आग की लपटों से घिर गई। हाईवे पर कार में लगी भीषण आग को देखकर आसपास मौजूद



लोगों ने तत्काल ायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। दुर्घटना की सूचना पुलिस को भी मशीनरी एवं यातायात व्यवस्था पर ले जाना। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार में सवार लोगों का समय रिज़ॉर्ट से बाहर रहने से एक बड़ा हादसा हो गया।

## कट की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों का धरना जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली- देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर पर गांगनौली के पास कट की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों का धरना 11 वें दिन भी जारी रहा। प्रदर्शनकारियों ने चेता. वनी दी है कि कट की मंजूरी मिलने तक वे धरना समाप्त नहीं करेंगे। उन्होंने 23 मई को ट्रैक्टर मार्च और एक बड़ी पंचायत आयोजित करने की घोषणा की है।

धरनारत लोगों ने बताया कि 23 मई को सुबह दस बजे धरनास्थल पर रागिनी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद, धरनास्थल से किशनपुर बराल तक एक ट्रैक्टर मार्च निकाला जाएगा। यह ट्रैक्टर मार्च वापस धरनास्थल पर आकर एक बड़ी पंचायत में बदल जाएगा, जिसमें महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। क्षेत्र्वासी



पिछले 11 दिनों से लगातार धरना दे रहे हैं, लेकिन अभी तक उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया है। उनकी मुख्य मांग दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर पर गांगनौली के निकट एक कट उपलब्ध कराना है, जिससे स्थानीय लोगों को सुविधा मिल सके। इस मौके पर पूर्व प्रधान धर्मेंद्र राठी, बिजेंद्र सिंह, राजवीर, ओम सिंह, पप्पू, जितेंद्र और रामपाल सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी की 35वी पुण्यतिथि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में शहर कांग्रेस पदा. धिकारियों कार्यकर्ताओं ने बडौत शहर के आरटीआई विभाग काग्रेस कर्मठ वरिष्ठ नेता ब्रजमोहन शर्मा के आवास पर गुराना रोड़ बडौत पर आधुनिक भारत के निर्माता युग पुरुष कर्मयोगी संचार क्रांति के जनक भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 35 वी पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पाजलि अर्पित कर उनके शहादत दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शत-शत नमन किया। देशहित में अनेक महान कार्यो को याद कर महान जीवन पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता पूर्व प्रदेश महासचिव एवं निवर्तमान जिला अध्यक्ष चौधरी रामकुमार सिंह ने की तथा संचालन ब्रजमोहन शर्मा ने किया। पूर्व प्रदेश महासचिव एवं निवर्तमान जिलाध्यक्ष चौधरी रामकुमार सिंह ने बताया राजीव गांधी 40वर्ष की बहुत ही कम आयु मे देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री बने किसान मजदूर गरीबों लिए अनेक लाभान्वित योजनाएं लागू कर गरीबों का हक दिलाया। टेक्नोलॉजी व प्रौद्योगिकी के क्षेत्र मे अभूतपूर्व अद्वितीय कार्य कर करोडों युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये वे सदैव दिलो मे बसे रहेंगे। शहर अध्यक्ष रामहरी पंवार ने बताया किसान मजदूर गरीब दलितो शोषित पीडितो वंचितों के मसीहा राजीव गांधी ने अनेक योजनाएं तैयार कर हर वर्ग को उपर उठने का काम किया। देश को कम्प्यूटर मोबाइल नई टेक्नोलॉजी जोडकर युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये संविधान में संशोधन कर ग्राम पंचायतों को



शशक्त किया। 18 वर्ष के युवाओं को वोट का अधिकार दिलाया। शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिए पुरे देश में हैंडपम्प का जाल बिछाया देश सदैव उनका रीणी रहेगा आज युवाओं को उनके महान विचारो पर चलने की जरूरत है आगे भी इसी तरह कार्यक्रम किये जायेंगे और कहा उनके आदर्शो पर चलकर संगठन को अधिक मजबूत व गतिशील बनाया जायेगा। संचालन करते हुए ब्रजमोहन शर्मा ने कहा राजीव ने अपनी प्रतिभा अदम्य साहस से देश को शिखर पर पहुँचाया करोडों युवाओं को रोजगार के अवसर पर दिलाये। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी ओमकार दत्त शर्मा जोनमाना बिजेन्द्र शर्मा रविन्द्र तोमर औमबीर दुहण शोकेन्द्र तोमर मदन सिंह डा.सुभाष शर्मा मो प्रवेज अनिल सैन याकुब अहमद इरशाद आलम नन्दकिशोर शर्मा खुर्शीद आलम सोमपाल शर्मा डा.सोनू त्यागी औमपाल सैन किशन शर्मा अशोक प्रजापति आदि रहे।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, मोदीनगर ( गाजियाबाद )

**पत्रांक: 218/न०पा०/2026** **दिनांक: 16/05/2026**

**-: नामान्तरण सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकों ने कर निर्धारण पंजिका में नामान्तरण के सम्बन्ध में आवेदन किया है, नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा- 147 (2) के अन्तर्गत सभी सम्बन्धित को नोटिस निर्गत किये जा चुके है, नामान्तरण पर किसी की कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्य दर्ज करा सकता है। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नामान्तरण कर दिया जायेगा।

| क्र. सं. | भवन सं0/मौहल्ले का नाम | वर्तमान में अभिलेखों पर अंकित भवन स्वामी का नाम | आवेदक/ जिसके पक्ष में नामान्तरण होना है। | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1. | म0नं0- 366, सन्तपुरा | श्री प्रताप सिंह पुत्र श्री रोशन सिंह | श्रीमती उषा तंवर पत्नी श्री प्रताप सिंह तंवर | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 2. | म0नं0- 25 का पार्ट, बाग कॉलोनी | श्री नत्थूराम कटारिया पुत्र श्री रामप्रसाद | श्री पवन कुमार कटारिया पुत्र श्री जयभगवान कटारिया | हि-बैनामा |
| 3. | म0नं0- 3/186, सी0-101, गोविन्दपुरी | श्री प्रेमकुमार पुत्र श्री देवेन्द्र कुमार चचड़ा | श्री प्रेमकुमार पुत्र श्री देवेन्द्र कुमार चचड़ा श्रीमती ललिता रानी पत्नी श्री प्रेम कुमार | हि-बैनामा |
| 4. | म0नं0- 318 सी0-36, गुरूनानकपुरा | श्रीमती भावना ढींगरा पत्नी श्रीराम ढींगरा | श्री सौरभ पुत्र श्रीचन्द | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 5. | म0नं0- 567, शिवपुरी | श्रीमती ज्योति टण्डन पत्नी श्री शिवकुमार टण्डन | श्री आशीष टण्डन पुत्र श्री शिवकुमार टण्डन | रजिस्टर्ड वसीयतनामा |
| 6. | म0नं0- 490 ए0, (363) ब्रहमपुरी | श्रीमती लता चावला पत्नी श्री विनोद कुमार व श्री अश्वनी चावला पुत्र श्री दौलतराम | श्री मनोज कुमार त्यागी पुत्र श्री महेन्द्र पाल त्यागी व श्री विवेक त्यागी पुत्र श्री मनोज कुमार त्यागी | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 7. | म0नं0- 90 ए0 कृष्णानगर | श्री सन्दीप पुत्र श्री मुनेश | श्री अंकित कुमार पुत्र श्री जयवीर सिंह | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 8. | म0नं0- 1/48सी0, मानवतापुरी | श्रीमती मंजू जैन पत्नी श्री नरेन्द्र कुमार जैन | श्री विकास कुमार तिवारी पुत्र स्व0 सुरेश कुमार तिवारी | रजिस्टर्डबैनामा हि-बैनामा, रजिस्टर्ड वसीयत |
| 9. | म0नं0- 780, भूपेन्द्रपुरी | श्री सुमंत त्यागी पुत्र श्री कुन्दन सिंह त्यागी | श्री मुकुल कुमार व श्री अतुल त्यागी पुत्रगण स्व0 सुमंत त्यागी | वारिस प्रमाण पत्र |
| 10. | म0नं0- 2/128 एसी0सी0एच-19 का पार्ट, गोविन्दपुरी | श्री दीपक कुमार पुत्र श्री कल्याण सिंह | श्रीमती शिल्पी आहूजा पत्नी श्री रतेनश आहूजा | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 11. | म0नं0- 445 बी0 का पार्ट, सन्तपुरा | श्री सुधीर कुमार पुत्र श्री देवेन्द्र कुमार ऊं आबादीलाल | रेणुका टण्डन पुत्री श्री रविन्द्र कुमार अरोड़ा | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 12. | म0नं0- 138 आदर्शनगर | श्रीमती वीरमती पत्नी श्री शिव शर्मा | श्रीमती ज्योति मक्कड पत्नी श्री कवंल मक्कड | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 13. | म0नं0- 311, सन्तपुरा | श्रीमती विमला पत्नी श्री सत्यपाल | श्रीमती हेनिका अरोड़ा पत्नी श्री हिमान्शु अरोड़ा व श्री हिमान्शु खंडूजा पुत्र श्री रमेश चन्द खंडूजा | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 14. | म0नं0- 445 बी0 का पार्ट, सन्तपुरा | श्री सुधीर कुमार पुत्र श्री देवेन्द्र कुमार ऊं आबादीलाल | श्रीमती अनु चावला पत्नी श्री हिमान्शु अरोड़ा | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 15. | म0नं0- 3/456, डी-35 गोविन्दपुरी | श्रेया पुत्री श्री हरीश कुमार खुल्लर | श्रीमती संगीता अरोड़ा पत्नी श्री रविन्द्र कुमार अरोड़ा | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 16. | म0नं0- 893, भूपेन्द्रपुरी | श्री बदलू पुत्र श्री ननुवा | श्री पंकज पुत्र स्व0 बदलू सिंह | रजिस्टर्ड वसीयत |
| 17. | म0नं0- 129 का पार्ट, बाग कॉलोनी | श्री अमित कुमार व श्री विनोद कुमार पुत्रगण श्री मुखराम | श्री राजू पासी पुत्र स्व0 झारिया | हि-बैनामा |
| 18. | म0नं0- 548, सन्तपुरा | श्रीमती रामो देवी पत्नी श्री राजाराम | श्री पवन कुमार पुत्र श्री राजाराम गहलौत | रजिस्टर्ड वसीयत |
| 19. | म0नं0- 141, ब्रहमपुरी | श्री मोहन गोपाल वर्मा पुत्र श्री इच्छापूर्ण वर्मा | श्रीमती रेनू वर्मा पत्नी स्व0 श्री मोहन गोपाल वर्मा | वारिस प्रमाण पत्र |
| 20. | म0नं0- 538, आदर्शनगर | श्रीमती रामरोशनी पत्नी श्री राज सिंह गुप्ता | श्री सुरेश चन्द गुप्ता पुत्र श्री राज सिंह | हि-बैनामा |
| 21. | म0नं0- 25 का पार्ट, बाग कॉलोनी | श्री नत्थूराम कटारिया पुत्र श्री रामप्रसाद | श्री राकेश कटारिया पुत्र श्री जयभगवान कटारिया | हि-बैनामा |
| 22. | म0नं0- 209, बैंक कॉलोनी | श्री देवेन्द्र कुमार पुत्र श्री मोजीराम | श्री दीपक कुमार गोयल पुत्र श्री सुभाष चन्द गोयल | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 23. | म0नं0- 3/466, डी0-32 का पार्ट गोविन्दपुरी | श्रीमती राजरानी पत्नी श्री किशनचन्द | श्री रतनेश आहूजा पुत्र श्री पुरूषोत्तम लाल आहूजा | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 24. | म0नं0- 198 का पार्ट, सन्तपुरा | श्री किशनलाल पुत्र श्री हुकम सिंह | श्री सुधीर कुमार पुत्र स्व0 देवेन्द्र कुमार चचड़ा | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 25. | म0नं0- 2/182 एस0सी0एच0-04 का पार्ट, गोविन्दपुरी | श्री मदनलाल सिड़ाना पुत्र श्री हरीराम | श्री हिमान्शु अरोड़ा पुत्र स्व0 सुभाष अरोड़ा | रजिस्टर्ड बैनामा |

**अधिशासी अधिकार**
**नगर पालिका परिषद मोदीनगर।**

# ब्रह्मपुरी थाने में एंटी करप्शन का छापा


एंटी करप्शन टीम की गिरफ्त में बिचौलिया गौरव गर्ग।


दरोगा वैभव


बिचौलिया गौरव गर्ग।

- दरोगा के लिए रिश्वत ले रहा बिचौलिया गिरफ्तार
- संलिप्त दरोगा वैभव की भूमिका की भी हो रही जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ब्रह्मपुरी थाने में एंटी करप्शन टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए रिश्वत लेते हुए एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी गौरव गर्ग वर्ष 2023 बैच के दरोगा वैभव के इशारे पर पीड़िता फरहीन से रिश्वत की रकम वसूलने आया था।

पीड़िता की शिकायत पर एंटी करप्शन टीम ने पहले से ही जाल बिछाया हुआ था, जैसे ही गौरव ने दरोगा के नाम पर पीड़िता से पैसे लिए टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। टीम द्वारा आरोपी गौरव गर्ग को हिरासत में लेकर टीपी नगर थाने ले जाया गया है, जहां उसके खिलाफ कानूनी मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। मामले में संलिप्त दरोगा वैभव की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

## युवक पर जानलेवा हमले में पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत महलका बाजार में चार दिन पूर्व रविवार शाम बीमार मां के लिए दवाई लेने गए एक युवक पर संप्रदाय विशेष के दर्जनों युवकों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया था। पीड़ित कृष्णपाल निवासी बातनौर ने घटना के संबंध में सात नामजद युवक व नौ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के यहां दबिश देकर आयान, अमन पुत्रगण असलम कुरैशी, को जेल भेज दिया है जबकि दो नाबालिग किशोरों को बाल संरक्षण गृह में भेज दिया। थाना प्रभारी पूनम जादौन का कहना है कि घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर अज्ञात लोगों को तलाश किया जा रहा है जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# कॉकरोच जनता पार्टी की लोकप्रियता बनी चर्चा का विषय

- व्यंग्य और राजनीतिक कटाक्ष से जुड़े एकाउंट ने कम समय में जुटाए बड़ी संख्या में फॉलोअर्स

**राशिद अब्बासी/शाह टाइम्स**

**मेरठ।** सोशल मीडिया पर इन दिनों 'कॉकरोच जनता पार्टी' नाम का एक अकाउंट तेजी से वायरल हो रहा है। व्यंग्य और राजनीतिक कटाक्ष से जुड़े इस अकाउंट ने बेहद कम समय में बड़ी संख्या में फॉलोअर्स जुटा लिए, जिसके बाद यह डिजिटल दुनिया में चर्चा का केंद्र बन गया। कई सोशल मीडिया यूजर्स दावा कर रहे हैं कि इस अकाउंट की लोकप्रियता ने बड़े राजनीतिक दलों के समर्थकों का भी ध्यान अपनी ओर खींचा है।

राजनीतिक गलियारों में भी इस ट्रेंड को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। कुछ लोग इसे युवाओं की बदलती राजनीतिक सोच और सोशल मीडिया की ताकत से जोड़कर देख रहे हैं, जबकि कई विश्लेषकों का मानना है कि यह केवल व्यंग्य आधारित ऑनलाइन ट्रेंड है।

हालांकि, हाल ही में इस अकाउंट के सस्पेंड होने की खबर सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर बहस और तेज हो गई। समर्थकों का आरोप है कि अकाउंट को दबाव में हटाया गया, जबकि आधिकारिक रूप से अब तक किसी एजेंसी या प्लेटफॉर्म की ओर से स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। विशेषज्ञों का कहना है कि सोशल मीडिया आज राजनीतिक माहौल को प्रभावित करने का बड़ा माध्यम बन चुका है और आने वाले समय में ऐसे डिजिटल ट्रेंड राजनीति की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।


स्रोत: सोशल मीडिया

## स्वगणना का कार्य समय से पूर्ण करने वाले प्रगणकों को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरधना नगर पालिका परिषद क्षेत्र अंतर्गत गुरुवार को भारत की जनगणना कार्य के अंतर्गत एक विशेष गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सलाउद्दीन, निधि डेनिस, मैग्डलीन इमानवेल प्रगणकों को मुख्य रूप से सम्मानित किया गया, जिन्होंने स्वगणना के महत्वपूर्ण कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर और पूरी कुशलता के साथ संपन्न कर लिया है। जिलाधिकारी द्वारा इन सभी कर्मठ प्रगणकों को उनके उत्कृष्ट और समयबद्ध कार्य के लिए आधिकारिक रूप से सम्मानित किया गया। डिजिटल जनगणना के इस दौर में स्वगणना की प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा करना एक बड़ी जिम्मेदारी थी, जिसे प्रगणकों ने अपनी कड़ी मेहनत से सफल बनाया। प्रगणकों द्वारा समय पर कार्य पूर्ण करने के इसी समर्पण को सराहते हुए जिलाधिकारी द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी दीपिका शुक्ला लिपिक मनोज कुमार व अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अधिकारी के कार्य की सराहना की गई। साथ ही शेष कार्यों को और अधिक तेजी से पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए गए।

# सरधना नगर की बिजली व्यवस्था पर मंथन, जर्जर लाइनों और कटौती पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर में लगातार बढ़ रही विद्युत समस्याओं को लेकर गुरुवार को नगर पालिका परिषद सभागार में विधायक प्रतिनिधि नितिन कटारिया की अध्यक्षता में विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में चीफ इंजीनियर उपेंद्र तिवारी, एक्सईएन दुर्गेश कुमार, एसडीओ रुपेश कुमार, जेई संजीव कुमार समेत विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में शहर में हो रही अघोषित बिजली कटौती, लो-वोल्टेज, ओवरलोड फीडर, जर्जर विद्युत लाइनें, बार-बार आने वाले फाल्ट और एबीसी लाइन विस्तार जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। विधायक प्रतिनिधि नितिन कटारिया ने अधिकारियों से कहा कि भीषण गर्मी में नगरवासी बिजली संकट से परेशान हैं, ऐसे में समस्याओं का जल्द समाधान कराया जाए। बैठक के दौरान वार्ड-2 मंडी चमारान, वार्ड-12 कमरा नवाबान, वार्ड-16 झिटकारी रोड और वार्ड-6 छावनी क्षेत्र में एबीसी लाइन विस्तार व नए बिजली खंभे लगाने की मांग रखी गई। इसके अलावा वर्धमान और मेनका फीडर पर बढ़ते लोड के चलते हो रही ट्रिपिंग और लगातार बिजली कटौती पर भी नाराजगी जताई गई। महल शेखन, देवी मंदिर, बूढ़ा बाबू और बेलदारान समेत कई इलाकों में लो-वोल्टेज की समस्या और लगातार बाधित हो रही बिजली आपूर्ति को लेकर स्थानीय लोगों ने अधिकारियों को अवगत कराया।



वहीं अहाता इशायान क्षेत्र में जर्जर लोहे के खंभों को बदलने तथा फाल्ट और फ्लक्चुएशन के कारण आग लगने की घटनाओं पर भी चिंता व्यक्त की गई। बैठक में तारनी स्ट्रीट्स क्षेत्र में पिछले छह दिनों से बिजली आपूर्ति ठप रहने का मामला भी प्रमुखता से उठा। जैन समाज और त्यागी समाज के लोगों ने बताया कि लगातार अंधेरा और भीषण गर्मी के कारण लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। कुछ परिवारों द्वारा क्षेत्र छोड़ने की बात कहे जाने पर विधायक प्रतिनिधि ने नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को तत्काल बिजली आपूर्ति सुचारु कराने के निर्देश दिए। नगर के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने भी अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। बैठक में विजय पाल कश्यप, आगा अली शाह, नमन जैन, ललित गुज्जर, राहुल त्यागी, मनीष जैन, अभिषेक जैन, अक्षत जैन, परु जैन, फरमान मेंबर, शाहिद मालिक, सलीम अंसारी, शाहवेज अंसारी, मोहसिन अंसारी, खालिद अंसारी और अलीम कुरैशी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। बैठक के अंत में विद्युत विभाग के अधिकारियों ने नगर की समस्याओं के शीघ्र समाधान और आवश्यक तकनीकी सुधार कार्य जल्द शुरू कराने का आश्वासन दिया।

## नौचंदी मेलाः संगीत के स्वरों से सजी पटेल मंडप की शाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रांतीयकृत नौचंदी मेला पटेल मंडप मे शास्त्रीय संगीत संध्या का आयोजन किया गया जिसमे महेन्द्र कुमार पवन धानक ग्रुप द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित करके कर अधिकारी एकता पंडित, मेला समिति सदस्यगण नरेन्द्र राष्ट्रवादी, नासिर सैफी ने किया। सर्वप्रथम शास्त्रीय संगीत राग जोग की प्रस्तुति से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जिससे भाव विभोर होते हुए श्रोताओं ने भूरी भूरि प्रशंसा की।

आकाशवाणी/दूरदर्शन के ए ग्रेड कलाकार पवन धानक एवं गतिक द्वारा क्लारनेट (आधुनिक शहनाई) वादन की प्रस्तुति दी। इसके अतिरिक्त दिल्ली से पधारे सितार वादक राशिद खान, प्रसिद्ध बासुरी वादक तरन खेमवाल एवं स्वयं खेमवाल, तबले पर मोहम्मद फारुख खां, ओक्टोपेंड पर बिट्टू एवं कीबोर्ड पर रितिक द्वारा प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन वन्देमातरम से किया गया। मंच संचालन पुनीत सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान एएमए विध्यांचल कुशवाहा, कर अधिकारी एकता पंडित, मेला समिति सदस्यगण संजय जैन, सरबजीत कपूर, नरेन्द्र राष्ट्रवादी, अंकुर गोयल, राकेश गौड़, नासिर सैफी उपस्थित रहे। इसके उपरांत स्थानीय गायक मोहम्मद शान द्वारा बॉलीवुड के कई गीतों 'दिल का आलम मैं क्या बताऊं', ये दोस्ती हम नही तोड़ेंगे, तू मेरी जिंदगी है' आदि पर अपनी प्रस्तुति देकर समां बांधा।



# ट्रकों की हड़ताल से लोगों में मची खलबली

- ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव शर्मा ने कहा तीन दिन तक चलेगा चक्का जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पेट्रोल डीजल की बढ़ती महंगाई के कारण गुरुवार से 17 जिलो में ट्रकों के पहिए थम गए। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने इस हड़ताल की तीन दिन पहले ही जिम्मेदारी ली थी। उनका कहना था कि लगातार ट्रक ड्राइवर व ट्रक मालिकों का शोषण हो रहा है। आए दिन पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ने से उन्हें ट्रक चलाने में दुश्मनी हो रही है। टोल टैक्स में भारी बढ़ोत्तरी है जिसके कारण उनको परिवार का पालन पोषण करने में भी परेशानी है। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव शर्मा ने बताया कि यह चक्का जाम तीन दिन तक चलेगा। इस चक्का जाम से वह पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमतों को वापस लेने के लिए सरकार से मांग करेंगे और ट्रकों के संचालन आदि में जो परेशानियां हो रही हैं उनको भी सरकार को विस्तार से बताया जाएगा। इस दौरान में विज्ञापन भी सौंपेंगे जिसमें उनके अनगिनत मांगे भी हैं। वहीं जनता में भी इस चक्का जाम से गहरा रोष है। उनका कहना है कि पहले ही देश में महंगाई चरम सीमा पर है। ट्रकों की हड़ताल होने से खाद्य पदार्थ महंगे होंगे जिससे लगातार महंगाई बढ़ने की संभावना है। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द ट्रकों के संचालन की मांग की है।



## हीटवेव ने बढ़ाई चिंता, लोग घरों में रहने को हुए मजबूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है वैसे-वैसे लोग घरों में कैद होने को मजबूर हैं। हीट वेव ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। गली बाजार दोपहर में सुनसान हो रहे हैं। सड़कों व बाजारों में सन्नाटा पसार रहा है। गर्मी का तापमान और भी बढ़ता जा रहा है जिस कारण बिजली की व्यवस्था से शहर से लेकर देहात तक बिजली की किल्लत से लोग परेशान हैं। इसके साथ-साथ ही अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। वहीं डॉक्टर अली मेहंदी ने बताया ज्यादा से ज्यादा अपनी बॉडी में पानी रखें, सब्जियों का सेवन करें, खीरे दही प्याज का ज्यादा से ज्यादा सेवन करें, क्योंकि प्याज लू को मारती है। अगर जरूरी हो तो दोपहर में निकले उसमें भी सावधानी बरतें, गीला कपड़ा करके सिर से बांधकर निकले। ज्यादातर अपने घर में ही रहे। अपने बच्चों को दोपहर में न निकलने दें क्योंकि ज्यादा धूप में रहने से अक्सर हड्डियां कमजोर हो जाती हैं जिस कारण थकान कमजोरी हाथ पैरों में दर्द रहता है। ज्यादातर धूप में रहने से हमेशा बॉडी की एनर्जी खत्म होती है इसलिए अपने घरों में रहे और सावधानी बरते।

# सुभारती विवि बना 'नो-फ्यूल जोन' राष्ट्रहित में लिया ऐतिहासिक संकल्प

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन से प्रेरित होकर सुभारती परिवार ने शुरू किया अनूठा अभियान
- परिसर में पैदल और साइकिल संस्कृति को मिलेगा बढ़ावा


लोगों को सम्बोधित करती डॉ. शल्या राज।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वैश्विक स्तर पर बढ़ते ऊर्जा संकट, विदेशी मुद्रा पर बढ़ते दबाव और पर्यावरण असंतुलन जैसी गंभीर चुनौतियों के बीच स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ ने एक बार फिर समाज और देश के सामने प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है। विश्वविद्यालय परिसर स्थित विभिन्न आवासीय खंडों के निवासियों की एक महत्वपूर्ण वैचारिक संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से डीजल, पेट्रोल एवं सीएनजी की खपत कम करने के किए गए राष्ट्रव्यापी आवाहन पर गंभीरता से मंथन किया गया।

संगोष्ठी में विश्वविद्यालय के डॉक्टरों, प्रशासनिक अधिकारियों, वरिष्ठ कर्मचारियों एवं विभिन्न फैकल्टियों के प्रतिनिधियों ने वैश्विक ऊर्जा संकट, बढ़ते प्रदूषण और ईंधन की अत्यधिक खपत से उत्पन्न परिस्थितियों पर अपने विचार रखे। सभी प्रबुद्धजनों ने एक स्वर में प्रधानमंत्री के इस संकल्प को धरातल पर उतारने का प्रण लिया और पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने की प्रतिबद्धता जताई। गहन चर्चा और विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि सुभारती विश्वविद्यालय के चिकित्सक, प्रशासनिक अधिकारी और वरिष्ठ कर्मचारी स्वयं इस अभियान की कमान संभालेंगे तथा अपनी जीवनशैली में बदलाव कर छात्रों एवं कर्मचारियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे। बैठक में कई दूरगामी और अनुकरणीय निर्णय लिए गए, जिनका उद्देश्य ईंधन की खपत को कम करना तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है।

निर्णयों के अनुसार विश्वविद्यालय परिसर में रहने वाले सभी छात्र-छात्राएं, अधिकारी, कर्मचारी एवं डॉक्टर परिसर के भीतर डीजल, पेट्रोल अथवा सीएनजी से चलने वाले वाहनों का प्रयोग नहीं करेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि आवासीय खंडों से कार्यस्थलों की दूरी लगभग एक किलोमीटर तक होने के बावजूद सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अनिवार्य रूप से पैदल चलेंगे अथवा साइकिल का उपयोग करेंगे। जो लोग स्वास्थ्य कारणों अथवा शारीरिक असमर्थता के चलते पैदल चलने में सक्षम नहीं हैं, उनके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा परिसर में विशेष रूप से बिजली से चलने वाले वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय प्रशासन ने घोषणा की कि जो अधिकारी, डॉक्टर एवं कर्मचारी नियमित रूप से पैदल या साइकिल से अपने कार्यस्थलों तक पहुंचेंगे, उन्हें संस्था के वार्षिक समारोह में विशेष रूप से सम्मानित और पुरस्कृत किया जाएगा।

इस अवसर पर सुभारती विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. (डॉ.) शल्या राज ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र निर्माण और पर्यावरण संरक्षण केवल किसी एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी का सामूहिक दायित्व है। प्रधानमंत्री का यह आह्वान देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। सुभारती विश्वविद्यालय सदैव राष्ट्रहित और समाज हित के कार्यों में अग्रणी रहा है। परिसर को 'नो-फ्यूल जोन' बनाकर हमारे डॉक्टरों और अधिकारियों ने जो पहल की है, वह न केवल विदेशी मुद्रा की बचत करेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और बेहतर स्वास्थ्य के लिए भी संजीवनी सिद्ध होगी। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी और कर्मचारी इस अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देंगे।

वहीं दूसरी ओर संगोष्ठी के समापन पर सुभारती ग्रुप के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने सभी अतिथियों, डॉक्टरों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि सुभारती परिवार पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रहित के इस अभियान के माध्यम से एक बार फिर देश के सामने ऐसा अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करेगा, जिसका अनुसरण भविष्य में देश के अन्य बड़े संस्थान और प्रतिष्ठान भी करने के लिए प्रेरित होंगे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शीर्ष नेतृत्व सहित अनेक गणमान्य प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। इनमें मुख्य रूप से मेजर जनरल डॉ. जी.के. थपलियाल (उप-कुलाधिपति), प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार शर्मा (कुलपति), प्रो. (डॉ.) शल्या राज (मुख्य कार्यकारी अधिकारी), डॉ. कृष्ण मूर्ति (कार्यकारी अधिकारी), डॉ. एम.के. मित्तल, डॉ. निखिल श्रीवास्तव, डॉ. डी.सी. सक्सैना, कर्नल राजेश त्यागी, डॉ. प्रदीप राघव, कर्नल असीम कुकरेजा, हर्षवर्धन कौशिक, संजीव शर्मा, देशराज भारती सहित सभी फैकल्टियों के डॉक्टर, प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस वैचारिक संगोष्ठी का शुभारंभ 'वंदे मातरम्' के संपूर्ण संस्करण के सामूहिक गायन के साथ हुआ, जिससे पूरा परिसर राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया। वहीं कार्यक्रम का समापन 'आजाद हिन्द गान' के साथ हुआ, जिसने उपस्थित लोगों में राष्ट्रसेवा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति नई ऊर्जा का संचार किया।

## एयरटेल ने लॉन्च की प्रायोरिटी पोस्टपेड सेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारती एयरटेल ने गुरुवार को प्रायोरिटी पोस्टपेड सेवा लॉन्च करने की घोषणा की। यह नई सेवा 5जी स्लाइसिंग तकनीक का उपयोग करती है, जिससे पोस्टपेड ग्राहकों को स्थिर और बेहतर नेटवर्क का अनुभव मिलेगा। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए एयरटेल इंडिया के एमडी और सीईओ शाश्वत शर्मा ने कहा, 'एयरटेल में हमारा फोकस ऐसे सार्थक समाधानों पर है, जो ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाएं। प्रायोरिटी पोस्टपेड, 5जी स्लाइसिंग तकनीक से संचालित हमारा नया समाधान है। यह ग्राहकों को तेज, स्थिर और भरोसेमंद कनेक्टिविटी प्रदान करता है, चाहे वे ट्रैफिक में क्लाइंट कॉल अटेंड कर रहे हों, किसी भीड़भाड़ वाले कॉन्सर्ट में स्ट्रीमिंग कर रहे हों या व्यस्त बाजार में कैब बुक कर रहे हों। एयरटेल प्रायोरिटी सेवा हमारे सभी पोस्टपेड प्लान्स पर उपलब्ध है। मौजूदा ग्राहक इसका लाभ स्वतः प्राप्त करना शुरू कर देंगे। प्रीपेड ग्राहक या वे ग्राहक जो एयरटेल प्रायोरिटी पोस्टपेड में स्विच करना चाहते हैं, वे एयरटेल ऐप या स्टोर के जरिए यह सुविधा प्राप्त कर सकते हैं।

# बकरीद के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित

- थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही ने की आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ ईद का त्योहार मनाने की अपील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** गुरुवार को आगामी ईद उल अजहा (बकरीद) के पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के उद्देश्य से थाना परिसर में शांति समिति की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही द्वारा की गई जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत लोगों ने भाग लिया।

थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही ने बैठक में उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ ईद का त्योहार मनाए तथा जो कुर्बानी के अवशेष होते हैं उन्हें नगर पंचायत की गाड़ियां या फिर गड्ढे में दबा दिया जाए तथा कुर्बानी चारदीवारी के अंदर करें और साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान ना दें। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाएं रखना सभी की जिम्मेदारी है। इस दौरान साफ सफाई यातायात व्यवस्था बिजली पानी तथा सुरक्षा व्यवस्था के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। थानाध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही ने लोगों को आश्वासन दिया कि त्योहार के दिन सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे तथा संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल द्वारा विशेष निगरानी की जाएगी। वहीं क्षेत्र में लगातार ग्रस्त करने की बात कही।

बैठक में मौजूद लोगों ने पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया तथा शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार को मनाने की बात कही। वहीं चेयरमैन हिटलर त्यागी ने कहा कि नगर पंचायत की तरफ से त्योहार के दिन नगर में साफ सफाई बिजली पानी का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इस मौके पर कारी अब्दुल मोमिन चेयरमैन हिटलर त्यागी, पूर्व चेयरमैन अमित मोहन टीपू, रब नवाज प्रधान, साब्बे प्रधान, तोहिद मुल्लाजी, सतीश गिरी, राशिद प्रधान, मंडल अध्यक्ष सोहनवीर मोनू सैफी, शरीफ प्रधान, एसएसआई विजेंद्र यादव, सब इंस्पेक्टर राजकुमार, हेड मोहर्रिर विनय सूर्यवंशी, अजीत बालियान आदि थाने का स्टाफ मौजूद रहा।

